भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
22.07.2022 के
तारांकित प्रश्न सं. 63 का उत्तर

राजस्थान में रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण

***63 श्री नीरज डांगीः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विशेष रूप से राजस्थान के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई;

(ख) राजस्थान में कितने रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर पृथक रूप से कितनी धनराशि के व्यय किए जाने की संभावना है; और

(घ) जिन रेलवे स्टेशनों पर कार्य प्रगति पर है उनके आधुनिकीकरण के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

राजस्थान में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के संबंध में दिनांक 22.07.2022 को राज्य सभा में श्री नीरज डांगी के तारांकित प्रश्न सं. 63 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (घ): रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण/उन्नयन/संवर्द्धन के कार्यों पर राशि का आबंटन/व्यय सामान्यत: योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत किया जाता है। स्टेशनों के विकास/आधुनिकीकरण और अनुरक्षण के लिए आबंटन और व्यय का ब्यौरा राज्य-वार या स्टेशन-वार नहीं रखा जाता बल्कि क्षेत्रीय रेल-वार रखा जाता है। राजस्थान राज्य में 05 रेलवे जोन पश्चिम रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे पड़ते हैं। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत इन 05 रेलवे जोनों में आबंटित निधियां और व्यय की राशि तथा वर्तमान वर्ष में किए जाने वाले संभावित व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

(करोड़ रु. में)

क्षेत्रीय रेलवे	**2019-20**		**2020-21**		**2021-22**		**2022-23**	
	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय **(जून, 2022** तक**)**
पश्चिम रेलवे	254.45	254.62	252.01	318.04	261.00	255.77	311.62	35.92
उत्तर मध्य रेलवे	65.30	77.65	182.94	163.41	134.81	118.82	147.57	27.65
उत्तर पश्चिम रेलवे	120.22	117.74	159.59	126.40	67.51	51.39	115.79	4.87
उत्तर रेलवे	150.77	152.31	268.37	247.25	217.71	221.68	235.37	30.59
पश्चिम मध्य रेलवे	37.39	34.10	50.94	46.08	66.00	49.93	77.32	10.74

राजस्थान राज्य में, आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए 40 स्टेशनों की पहचान की गई है। इनमें से, 39 स्टेशन इस योजना के अंतर्गत अपग्रेड/विकसित किए गए हैं। शेष 01 स्टेशन नामतः डाकनियातालाव को अब मेजर अपग्रेडेशन स्कीम के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, कोटा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, उदयपुर सिटी, जोधपुर और जैसलमेर स्टेशनों को भी मेजर अपग्रेडेशन स्कीम के अंतर्गत चिह्नित किया गया है। उपर्युक्त के अलावा, 4 अन्य स्टेशनों यथा बीकानेर, पाली मारवाड़, अजमेर और आबू रोड को तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन के लिए चिह्नित किया गया है। इन अध्ययनों के परिणामों के आधार पर स्टेशनों को विकसित करने का कार्य चरणों में शुरू किया जाएगा।

स्टेशन पुनर्विकास कार्य जटिल प्रकृति के होते हैं और इसके लिए विस्तृत तकनीकी-वित्तीय व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता होती है और इसमें शहरी/स्थानीय निकायों सहित विभिन्न विभागों से सांविधिक क्लीयरेंस भी शामिल होता है। इसलिए, इस स्तर पर किसी निश्चित समय-सीमा का उल्लेख नहीं किया जा सकता है।

******